डी.एल.एड (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम रूपरेखा

वर्तमान शैक्षिक आवश्यकताओं, अपेक्षाओं, बाल–मनोविज्ञान तथा बच्चों के सीखने–लिखने की प्रक्रिया एवं बालगत मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्रारम्भिक शिक्षा के शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन हेतु नवीन शिक्षण–विधियों, तकनीकों, शैक्षिक–नवाचारों एवं समसामयिक विषयवस्तु को द्विवर्षीय बी.टी.सी. पाठ्यक्रम में समाविष्ट किया गया है।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

बी.टी.सी. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम को चार सेमेस्टर में विभाजित किया गया है। प्रथम वर्ष में दो सेमेस्टर तथा द्वितीय वर्ष में दो सेमेस्टर होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर 6 माह (न्यूनतम 120 शैक्षिक दिवस एवं 10 परीक्षा दिवसों) का होगा।

सेमेस्टरवार विषय विभाजन सारिणी– प्रत्येक सेमेस्टर के अन्तर्गत दो सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र व विभिन्न विषयगत प्रश्नपत्र एवं एक माह का इण्टर्नशिप समाहित किया गया है जिनका विवरण निम्नवत् है–

प्रथम सेमेस्टर	द्वितीय सेमेस्टर	तृतीय सेमेस्टर	चतुर्थ सेमेस्टर
सैद्धान्तिक विषय			
बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया (edu 01)	वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारम्भिक शिक्षा (edu 03)	शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार (edu 05)	आरम्भिक स्तर पर भाषा के पाठन/लेखन एवं गणितीय क्षमता का विकास (edu 07)
शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त (edu 02)	प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास (edu 04)	समावेशी शिक्षा (edu 06)	शैक्षिक प्रबन्ध एवं प्रशासन (edu 08)
सामान्य विषय			
विज्ञान	विज्ञान	विज्ञान	विज्ञान
गणित	गणित	गणित	गणित
सामाजिक अध्ययन	सामाजिक अध्ययन	सामाजिक अध्ययन	सामाजिक अध्ययन
हिन्दी	हिन्दी	हिन्दी	हिन्दी
संस्कृत/उर्दू	अंग्रेजी	संस्कृत/उर्दू	अंग्रेजी
कम्प्यूटर शिक्षा	समाजोपयोगी उत्पादक कार्य	कम्प्यूटर शिक्षा	शांति शिक्षा एवं सतत् विकास
कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)	कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/ स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)	कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/ स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)	कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/ स्वास्थ्य शिक्षा (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक)
इण्टर्नशिप	इण्टर्नशिप	इण्टर्नशिप	इण्टर्नशिप

कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य में से किसी एक विषय का चयन प्रशिक्षु द्वारा प्रत्येक सेमेस्टर में किया जाएगा, जिसका मूल्यांकन विषयाध्यापक द्वारा ही किया जाएगा, इसी प्रकार 3 समाजोपयोगी उत्पादक कार्य (एस.यू.पी.डब्लू.) विषय का भी मूल्यांकन मात्र विषय अध्यापक द्वारा ही किया जाएगा। इन विषयों की लिखित/वाह्य परीक्षा नही होगी।

सेमेस्टर–3

(Edu 05) शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार

उद्देश्य

- प्रशिक्षु को मूल्यांकन की आवश्यकता एवं उद्देश्यों से अवगत कराना।
- प्रशिक्षु को विभिन्न प्रकार की मूल्यांकन विधाओं से अवगत कराना।
- बच्चों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन में प्रशिक्षित करना।
- कमजोर छात्रों की प्रगति हेतु निदानात्मक शिक्षण विधि के प्रयोग में प्रशिक्षित करना।
- प्राथमिक शिक्षा की समस्याओं के निराकरण करने हेतु क्रियात्मक शोध की जानकारी देना।
- शिक्षा में नवाचार की अवधारणा से परिचित कराना।
- सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा एवं महत्त्व, मूल्यांकन के पक्ष, मूल्यांकन के प्रकार, उत्तम परीक्षण, मूल्यांकन की विशेषताएं, शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करना।
- प्रश्न पत्र निर्माण प्रक्रिया, मूल्यांकन का अभिलेखीकरण, निदानात्मक शिक्षण की जानकारी द्वारा प्रशिक्षुओं को शिक्षण कार्य में इनका प्रयोग करने में समर्थ बनाना।
- शिक्षण कार्य में क्रियात्मक शोध एवं शैक्षिक नवाचार करने हेतु प्रोत्साहित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई.सी.टी. के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

पाठ्यक्रम (Syllabus) - शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार

मापन एवं मूल्यांकन

1) शैक्षिक मापन एवं मूल्यांकन की अवधारणा।
   - i) शैक्षिक मापन का अर्थ
   - ii) मूल्यांकन की संकल्पना
   - iii) मूल्यांकन के उद्देश्य
   - iv) मूल्यांकन के क्षेत्र
2) मूल्यांकन की आवश्यकता एवं महत्त्व।
   - i) मूल्यांकन की प्रशासनिक आवश्यकता
   - ii) मूल्यांकन की शैक्षिक आवश्यकता
   - iii) मूल्यांकन की शैक्षिक अनुसंधान में आवश्यकता
   - iv) सामाजिक दृष्टिकोण से मूल्यांकन की आवश्यकता
3) मापन एवं मूल्यांकन में अन्तर।
   परीक्षण एवं मापन में अन्तर
4) सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की अवधारणा एवं महत्त्व।
   - i) दक्षता आधारित मूल्यांकन
   - ii) व्यापक मूल्यांकन
   - iii) सतत् मूल्यांकन एवं महत्त्व

iv) सतत् मूल्यांकन की कार्यप्रणाली एवं सोपान
v) सतत् मूल्यांकन का क्षेत्र।
vi) सतत् मूल्यांकन की कार्य–प्रणाली एवं सोपान

5) मूल्यांकन के पक्ष।

i)	संज्ञानात्मक (Cognitive)	ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग या व्यावहारिकता, विश्लेषण, संश्लेषण एवं मूल्यांकन
ii)	भावात्मक (Affective)	ग्रहण करना या ध्यान देना, अनुक्रिया करना, मूल्य आंकना, संगठन, मूल्य द्वारा विशिष्टीकरण
iii)	कौशलात्मक (Conative) एवं व्यवहारात्मक (Behavior overall activity)	सामाजिक कौशल यान्त्रिक कौशल, गणितीय कौशल, भाषायी कौशल, उत्तेजना, क्रियान्वयन, नियंत्रण, समायोजन, स्वाभावीकरण

6) मूल्यांकन के प्रकार–
   i) मौखिक परीक्षा
   ii) लिखित परीक्षा साक्षात्कार / निराक्षण / अवलोकन / प्रायोगिक
   iii) रचनात्मक मूल्यांकन (Formulative Evaluation)
   iv) आंकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)
7) उत्तम परीक्षण / मूल्यांकन की विशेषताएं, शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन का संबंध।
8) प्रश्न–पत्र निर्माण प्रक्रिया
   i) योजना निर्माण, ब्लूप्रिन्ट, सम्पादन तथा अंक निर्धारण।
   ii) प्रश्नों के प्रकार (वस्तुनिष्ठ, अति लघुउत्तरीय, लघुत्तरीय, दीर्घउत्तरीय)
   iii) शैक्षिक उद्देश्यों के अनुसार प्रश्नों के पक्ष (ज्ञान, बोध, अनुप्रयोग, कौशल)
9) मूल्यांकन अभिलेखीकरण (संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्ष) सतत्, मासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन, पुनर्बलन।
10) निदानात्मक परीक्षण एवं उपचारात्मक शिक्षण।
11) क्रियात्मक शोध।
   i) शोध का अर्थ, प्रकार, उद्देश्य, आवश्यकता एवं महत्त्व।
   ii) क्रियात्मक शोध के क्षेत्र।
   iii) क्रियात्मक शोध के चरण एवं प्रारूप निर्माण।
   iv) क्रियात्मक शोध उपकरण निर्माण।
   v) क्रियात्मक शोध का सम्पादन / अभिलेखीकरण।
12) शैक्षिक नवाचार
   i) शिक्षा में नवाचार का अर्थ, आवश्यकता एवं महत्त्व।
   ii) शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र शिक्षण अधिगम से सुधार हेतु स्थानीय समुदाय / परिवेश के संसाधनों की पहचान और उनका उपयोग कर मूल्यांकन, प्रार्थना स्थल की गतिविधि, पाठ्य सहगामी, क्रियाकलाप, सामुदायिक सहभागिता, विद्यालय प्रबन्ध, विषयगत कक्षा–शिक्षण समसामयिक दृष्टान्त, लैब एरिया।

प्रयोगात्मक कार्य / सत्रीय / प्रोजेक्ट कार्य / मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षकों को शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video Clip, Audio Clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल / प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल / प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) प्रोजेक्ट कार्य के रूप में प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी द्वारा कम से कम दस बच्चों को चिन्हित कर इन्टर्नशिप के दौरान उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना और आए हुए परिवर्तन का मूल्यांकन करना।

2) प्रत्येक प्रशिक्षु दो शैक्षिक समस्याओं को चिह्नित कर उसका समाधान क्रियात्मक शोध अध्ययन के अनुसार आख्या सहित प्रस्तुत करें।
3) मूल्यांकन एवं शिक्षण–अधिगम को मॉडल / चार्ट में प्रस्तुत करना।
4) मूल्यांकन को प्रभावित कराने वाले कारकों पर चार्ट / मॉडल तैयार करना।
5) मापन एवं मूल्यांकन, परीक्षण एवं मापन में अन्तर स्पष्ट करने के लिए सामग्री / मॉडल / चार्ट तैयार करना।

सन्दर्भित पुस्तक– शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार; लेखक– डॉ. सन्ध्या श्रीवास्तवा, अरुण कुमार राठौर, सूर्य प्रताप सिंह, ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ; मूल्य–**150** / –

(Edu 06) समावेशी शिक्षा एवं विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, निर्देशन एवं परामर्श

उद्देश्य



- प्रशिक्षुओं में समावेशी शिक्षा की समझ विकसित करना।
- समावेशी शिक्षा के प्रकार, प्रकृति एवं विविधा की जानकारी देना।
- विभिन्न प्रकार के बच्चों की शैक्षिक / भाषायी / प्राकृतिक समस्याओं से परिचित कराना।
- प्रशिक्षु को समस्त प्रकार के बच्चों की शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने, उनकी झिझक समाप्त करने में प्रशिक्षित करना।
- विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षण की विधाओं, संचार माध्यमों का प्रयोग एवं मूल्यांकन की विधियों से परिचित होकर कक्षा शिक्षण में उनका प्रयोग कर सकने में सक्षम बनाना।
- निर्देशन एवं परामर्श का अर्थ, महत्त्व एवं प्रक्रिया से अवगत करना।
- परामर्श में सहयोग देने वाले विभाग / संस्थाओं से परिचित करना।
- विशिष्ट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की सामग्री / आई.सी.टी. पर आधारित सामग्री / गेम के प्रयोग में प्रशिक्षित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया / विधियाँ

प्रशिक्षुओं के मध्य विषयवस्तु को अधिकतर प्रयोग की जा सकने वाली शिक्षण विधियों के माध्यम से रखने का प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित हो। प्रशिक्षण के समय सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं को सहभागी बनाया जाए। साथ ही, उन्हें अपने शिक्षण में बच्चों का सहयोग एवं उनकी सहभागिता सुनिश्चित करनी है, यह बताया जाए। यथासम्भव आई.सी.टी. के माध्यम से विषयवस्तु को प्रस्तुत करने का भी प्रयास किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु का निर्धारित प्रारूप पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन किया जाए, जिससे कि वह इस प्रक्रिया से परिचित हो जाए तथा इसकी प्रयोग–विधि सीख सकें।

पाठ्यक्रम (Syllabus)

1) **खण्ड 'अ'–विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे**
   i) शैक्षिक समावेशन से अभिप्राय, पहचान, प्रकार, निराकरण। यथा– अपवंचित वर्ग, भाषा, धर्म, जाति, क्षेत्र, वर्ण, लिंग, शारीरिक दक्षता (दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं वाक् / अस्थिबाधित), मानसिक दक्षता।

ii) समावेशन के लिए आवश्यक उपकरण, सामग्री, विधियाँ, टी.एल.एम. एवं अभिवृत्तियाँ (Attitude)।
iii) समावेशित बच्चों का अधिगम जाँचने हेतु आवश्यक टूल्स एवं तकनीकी
iv) समावेशित बच्चों के लिए विशेष शिक्षण विधियाँ। यथा–ब्रेललिपि आदि।

2) **खण्ड 'ब'–निर्देशन एवं परामर्श**
i) **समावेशी बच्चों हेतु निर्देशन एवं परामर्श**–अर्थ, उद्देश्य, प्रकार, विधियाँ, आवश्यकता एवं क्षेत्र (Scope)
ii) परामर्श में सहयोग देने वाले विभाग/संस्थाएँ
a) मनोविज्ञानशाला, उ.प्र., इलाहाबाद
b) मण्डलीय मनोविज्ञान केन्द्र(मण्डल स्तर पर)
c) जिला चिकित्सालय
d) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षत डायट मेण्टर
e) पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण तन्त्र
f) समुदाय एवं विद्यालय की सहयोगी समितियाँ
g) सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन
iii) बाल–अधिगम में निर्देशन एवं परामर्श का महत्त्व

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षकों को समावेशी शिक्षा एवं विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा, निर्देशन एवं परामर्श के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video Clip, Audio Clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) अपने आस–पास के समावेशित बच्चों की समस्या पता करके उनकी सूची बनाइए।
2) विभिन्न प्रकार के समावेशित बच्चों की प्रकृति को चार्ट/ मॉडल द्वारा प्रस्तुत करना।
3) विभिन्न प्रकार के समावेशन पर एक चार्ट/मॉडल तैयार करना।
4) विभिन्न प्रकार के कैलिपर्स का एलबम बनाना।
5) कम बोलने वाले बच्चों के लिए ऑडियो/वीडियो क्लिप तैयार करना।

सन्दर्भित पुस्तक– **समावेशी शिक्षा;** लेखक– डॉ. अमितेश कुमार शर्मा, डॉ. नवनीत कुमार तिवारी, सुदर्शन सिंह यादव, ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ; मूल्य–**120**/–

(सेमेस्टर–3) विज्ञान

1) दैनिक जीवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (परिवहन, चिकित्सा, जनसंचार, मनोरंजन, उद्योग,कृषि, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, आधुनिक ईधन, दूरस्थ शिक्षा)। मानव समाज को विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी से लाभ व हानियां।
2) दाब तथा वैज्ञानिक यंत्र।
3) जीव जन्तुओं के वाह्य एवं आंतरिक अंगो के कार्यो में विविधता।
4) सूक्ष्म जीवों की दुनिया–संरचना तथा उपयोगिता, सूक्ष्म जीव–दोस्त या दुश्मन। भोज्य पदार्थो का परिरक्षण।
5) प्राकृतिक सम्पदा का संरक्षण एवं ब्रह्माण्ड जीवों का विलुप्तीकरण।
6) कार्बन एवं उसके यौगिक।
7) असंक्रामक रोग/अनियमित जीवन शैली से उत्पन्न रोग (मधुमेह, उच्चरक्तचाप, दिल की बीमारियां) कारण, निदान व उपचार।
8) पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन, जलीय पौधों एवं जानवरों का प्राकृतिक वास, मरूदभिद पौधों एवं जानवरों का प्राकृतिक वास। पर्यावरण असंतुलन में मानव का हस्ताक्षेप, वन्यजीव जन्तुओं का संरक्षण कार्यक्रम, ग्रीन हाउस गैसीय प्रभाव, ओजोन–क्षरण, धरती का बढ़ता तापमान।

9) **ऊष्मा, प्रकाश एवं ध्वनि**–ऊष्मा का मापन ,संचरण व संवहन। **प्रकाश**–स्त्रोत एवं संचरण, प्रकाश का परावर्तन व अपवर्तन, गोलीय, अवतल व उत्तल दपर्ण द्वारा प्रतिबिम्ब का बनाना। **ध्वनि**–संचरण, आवृत्ति व आवर्तकाल।

प्रयोगात्मक कार्य/सत्रीय/प्रोजेक्ट कार्य/मॉडल

विज्ञान के प्रत्येक पाठ से प्रशिक्षु शिक्षकों को उस पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video Clip, Audio Clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल/प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) दाब एवं बल की संकल्पना को स्पष्ट करने हेतु मॉडल/प्रोजेक्ट/खेल/टी.एल.एम. तैयार करें।
2) विभिन्न प्रकार के रोगों एवं कारणों को चार्ट/मॉडल से प्रदर्शित करें।
3) ऊष्मा के संवहन पर मॉडल/प्रोजेक्ट/टी.एल.एम. तैयार करें।
4) ध्वनि एवं उसकी विभिन्न विशिष्टताओं को स्पष्ट करने हेतु मॉडल/प्रोजेक्ट/खेल/टी.एल.एम. तैयार करें।
5) कुछ पुष्पों के परागकणों की सूक्ष्मदर्शी संरचना का अध्ययन।
6) स्वनिर्मित वैज्ञानिक उपकरणों द्वारा वैज्ञानिक घटनाओं का मॉडल तैयार करना, जैसे– टॉर्च का मॉडल।
7) संतुलित आहार का चार्ट/मॉडल बनाना।
8) सूक्ष्म जीवों की स्लाइड बनाकर अध्ययन करना। **जैसे**– दही के जीवाणु।
9) शहर के पार्क तथा गाँवों में जाकर पौधों का अध्ययन किया जाना, उन पर प्रोजेक्ट तैयार करना।
10) औषधीय पौधों की विशिष्टताएँ स्पष्ट करने हेतु चार्ट/मॉडल तैयार करें।
11) गतिविधि जैसे–एक गिलास को छेड़ो, दूसरा संगीत उत्पन्न करें। भाप से चलने वाला झूला। चित्र दिखे या न भी दिखे। गरम करते ही लिखावट उभर आये। सिंह की दहाड़ डिब्बे में आदि तैयार करें।

सन्दर्भित पुस्तक– **विज्ञान**; लेखक– डॉ. आर. के. पचौरी, कृषि राज भारती; ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ। मूल्य–**180**/–

(सेमेस्टर–3) गणित

1) अनुपात, समानुपात, अनुलोम एवं प्रतिलोम समानुपात का अर्थ।
2) समानुपाती राशियों में बाह्य पदों एवं मध्य पदों के गुणनफल में सम्बन्ध।
3) घातांक की अवधारणा।
4) पूर्णांक तथ परिमेय संख्याओं को (धनात्मक आधार पर)घातांक रूप में लिखना।
5) सरल व चक्रवृद्धि ब्याज की संकल्पना।
6) सरल ब्याज, सूत्र तथा चक्रवृद्धि मिश्रधन का सूत्र एवं अनुप्रयोग।
7) बैंक की जानकारी, बैंक में खाता खोलना तथा खातों के प्रकार।
8) लघुगुणक की जानकारी, घातांक से लघुगुणक तथा इसका विलोम।
9) शेयर, लाभांश।
10) समुच्चय की संकल्पना, लिखने की विधियाँ, समुच्चय के प्रकार (सीमित, असीमित, एकल, रिक्त), समुच्चयों का संघ, अन्तर तथा सर्वनिष्ठ समुच्चय ज्ञात करना।
11) चर राशियों का गुणनखण्ड, दो वर्गो के अन्तर के रूप के व्यंजकों का गुणनखण्ड, द्विघातीय त्रिपदीय व्यंजकों का गुणनखण्ड।

12) बीजगणितीय व्यंजको में एकपदीय तथा द्विपदीय व्यंजकों से भाग। अवर्गीकृत आंकड़ों के माध्य।
13) आयतन एवं धारिता की संकल्पना तथा इकाइयाँ।
14) घन, घनाभ की अवधारणा तथा इनका आयतन एवं सम्पूर्ण पृष्ठ।
15) वृत्तखण्ड एवं त्रिज्या खण्ड की अवधारणा।
16) वृत्त खण्ड का कोण।
17) वृत्त के चाप द्वारा वृत्त के केन्द्र तथा परिधि पर बने कोणों का सम्बोध एवं इनका पारस्परिक सम्बन्ध।
18) वृत्त की छेदक रेखा, स्पर्श रेखा तथा स्पर्श बिन्दु की अवधारणा।
19) वृत्त पर दिये हुये बिन्दु से स्पर्श रेखा खींचना।

प्रयोगात्मक कार्य / सत्रीय / प्रोजेक्ट कार्य / मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षकों को गणित के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video Clip, Audio Clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल / प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल / प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) गणितीय मनोरंजन के कोई पाँच खेल–सामग्री का निर्माण करना।
2) अनुपात, समानुपात, अनुलोम एवं प्रतिलोम समानुपात के अर्थ को समझाने हेतु मॉडल / सामग्री विकसित करना।
3) समानुपाती राशियों में बाह्य पदों एवं मध्य पदों के गुणनफल को स्पष्ट करने हेतु सामग्री बनाना।
4) घातांक की अवधारणा को स्पष्ट करने हेतु उदाहरण एवं सामग्री निर्मित करना।
5) सरल व चक्रवृद्धि ब्याज, मिश्रधन की संकल्पना को स्पष्ट करने हेतु खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।
6) बैंकों की जानकरी, बैंक में खाता खोलना आदि के लिए खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।
7) शेयर लाभांश पर खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।
8) समुच्चय की संकल्पना, समुच्चय के प्रकार समुच्चयों का संघ आदि स्पष्ट करने के लिए खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।
9) चर राशियों के गुणनखण्ड की संकल्पना को स्पष्ट करने हेतु खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।



10) अवर्गीकृत आंकड़ो के मध्य / बारम्बारता / माध्यिका को स्पष्ट करने हेतु खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।
11) घन, घनाभ की अवधारणा तथा इनका आयतन एवं सम्पूर्ण पृष्ठ को स्पष्ट करने हेतु खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।
12) वृत्तखण्ड, स्पर्शरेखा, चाप, त्रिज्या आदि की अवधारणा को स्पष्ट करने हेतु खेल / मॉडल / प्रोजेक्ट / सामग्री बनाना।

सन्दर्भित पुस्तक– **गणित**; लेखक– डॉ. रचित कुमार, दीपेश दुबे; ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ। मूल्य–**125** / –

(सेमेस्टर–3) सामाजिक अध्ययन

1) भारत में मुगल साम्राज्य–बाबर, हुमायूँ व उसकी स्वदेश को पुनः वापसी–शेरशाह का उदय, अकबर, जहाँगीर, औरंगजेब व मुगल साम्राज्य का पतन।
2) मुगलों का प्रशासनिक सामाजिक, सांस्कृतिक, कलात्मक एवं आर्थिक क्षेत्र में योगदान।
3) मराठा शक्ति का अभ्युदय–शिवजी, अठ्ठारहवीं शताब्दी में भारत की स्थिति।

4) भारत में यूरोपीय शक्तियों का प्रवेश एवं ईस्ट इंडिया की स्थापना, पुर्तगाल, डच, अंग्रेज, फ्रांसीसी।
5) भारत की सत्ता के लिए यूरोपीय शक्तियों में संघर्ष–प्रथम, द्वितीय व तृतीय कर्नाटक युद्ध, डूप्ले की नीति, प्लासी का युद्ध, बक्सर का युद्ध, इलाहाबाद की संधि।
6) भारत में अंग्रेजी साम्राज्य की स्थापना–राबर्ट क्लाइव, वारेन हेस्टिंग्ज, लार्ड कार्नवालिस, लार्ड वेलेजली, लार्ड विलियम बेंटिक, लार्ड डलहौजी।
7) जीव मण्डल–प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन (शीत कटिबन्धीय प्रदेश, उष्ण कटिबन्धीय प्रदेश, शीतोषण कटिबन्धीय प्रदेश जलवायु, वनस्पति, जीवजन्तु, मानव जीवन), उद्योग धंधे।
8) भूखण्डों का विभाजन–एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, आस्ट्रेलिया तथा अंटार्कटिका–सामान्य परिचय, जनसंख्या का विस्तार एवं घटक।
9) विश्व में – प्राकृतिक संसाधन, यातायात तथा संचार के साधन, खनिज सम्पदा।
10) मनुष्य की आवश्यकता तथा उसकी पूर्ति हेतु प्रयत्न की दिशा में प्राकृतिक सम्पदा का उपयोग एवं संरक्षण।
11) हमारा भारत–प्राकृतिक एवं राजनैतिक इकाईयां, हमारी प्राकृतिक सम्पदा और उनका सदुपयोग।
12) हमारी खनिज सम्पदा, शक्ति के साधन, कृषि और सिंचाई, आयात–निर्यात।
13) सरकार के अंग–शक्ति का पृथक्करण, शक्तियों का बंटवारा–केन्द्र सूची, राज्य सूची, समवर्ती सूची के प्रमुख विषय।

14) संसद–
   i) **लोकसभा**–सदस्यों की योग्यताएं, कार्यकाल, पदाधिकारी, अधिवेशन व कार्य।
   ii) **राज्यसभा**–सदस्यों की योग्यताएं, कार्यकाल, पदाधिकारी, अधिवेशन व कार्य।
   iii) **राष्ट्रपति**–चुनाव, कार्यकाल, महाभियोग, शक्तियाँ, मंत्रिमंडल।
   iv) **कानून बनाने की प्रक्रिया**–साधारण बहुमत, विशेष बहुमत।
15) **कार्यपालिका–प्रधानमंत्री व मंत्रिपरिषद्**–चुनाव कार्य, संसद का मंत्रिपरिषद पर नियंत्रण।
16) **न्यायपालिका**–न्यायालय के प्रकार
   i) जनपद स्तरीय न्यायालय
   ii) उच्च न्यायालय
   iii) उच्चम न्यायालय
17) न्यायाधीशों की योग्याताएं, कार्यकाल
   i) उच्चतम न्यायालय के अधिकार
   ii) लोक अदालत
   iii) जनहित वाद
18) भारतीय वित्त व्यवस्था व बजट–कर व उसके प्रकार, केन्द्र व राज्यों के मध्य करों का बंटवारा, केन्द्र सरकार की आय–व्यय के स्त्रोत, राज्य सरकार की आय–व्यय की मदें, सरकार द्वारा शिक्षा के दृष्टिकोण से बजट–2013–14 में रखे गये बिन्दु।
19) पंचवर्षीय योजना–क्या, पिछली 11वीं पंचवर्षीय योजनाओं के मुख्य बिन्दु, वर्तमान में 12वीं पंचवर्षीय योजना–विशेषकार शिक्षा के दृष्टिकोण से।
20) भारतीय आधुनिक बैंकिग व्यवस्था–बैंक व उनके प्रकार भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक, भूमि विकास बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नाबार्ड, ई–बैंकिग का राष्ट्रीयकरण व निजीकरण, आधुनिक अर्थव्यवस्था में बैंको का महत्त्व।

प्रयोगात्मक कार्य / सत्रीय / प्रोजेक्ट कार्य / मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षकों को सामाजिक अध्ययन के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video Clip, Audio Clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल / प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल / प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) सल्तनत एवं मुगल स्थापत्य कला की तुलनात्मक स्थिति स्पष्ट करने हेतु मॉडल / चार्ट तैयार करें।
2) ग्राण्ड ट्रंक रोड, कृषि, खनिज, प्रमुख सड़क मार्ग प्रमुख रेलमार्ग, प्रमुख जलमार्ग को मानचित्र / मॉडल में दर्शाएँ।
3) यूरोपीय शक्तियों के आगमन के फलस्वरूप हुए व्यापारिक मार्गो की खोज व विभिन्न आविष्कारों पर एक लेख लिखे।
4) भारत में अंग्रेजो के काल में हुए सुधार व विकास कार्यो पर एक समालोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।
5) ग्लोब एवं विश्व के प्राकृतिक प्रदेशो को मॉडल / मानचित्र पर दर्शाएँ।
6) केन्द्र सूची, राज्य सूची व समवर्ती सूची पर एक चार्ट तैयार करें।
7) विश्व के मानचित्र पर विकसित देश, विकासशील देश(प्रमुख) देशों को दर्शाएं।
8) केन्द्र व राज्य सरकार की आय व्यय के स्त्रोत को चार्ट द्वारा प्रदर्शित करें।
9) मुगल साम्राज्य सभी शासकों का काल क्रमानुसार फोटो एलबम बनाएं।
10) मुगल काल से लेकर अंग्रेजों के आवागमन तक हुए प्रमुख युद्धों पर एक रिपोर्ट तैयार करें।
11) वर्तमान की डाक व्यवस्था व शेरशाह की डाक व्यवस्था में भिन्नता पर रिपोर्ट तैयार करें।
12) भारत के सभी राष्ट्रपतियों के नामों व कार्यकाल को सूचीबद्ध करते हुए फोटो एलबम बनायें।
13) पिछले दस वर्षों की साक्षरता स्थिति पर एक पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन तैयार करें।
14) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक / निजी बैंक का भ्रमण कर उसमें चल रही बैंकिग योजनाओं पर रिपोर्ट तैयार कीजिए।

सन्दर्भित पुस्तक– सामाजिक अध्ययन; लेखक– डॉ. छवि गर्ग, डॉ. महेश कुमार, रंजना वार्ष्णेय; ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ। मूल्य–**180** / –

(सेमेस्टर–3) हिन्दी

1) पाठ्यपुस्तक में आये प्रमुख कवियों और लेखकों का सामान्य परिचय।
2) श्रुत सामग्री में प्रयुक्त शब्दों, मुहावरों, लोकोक्तियों का प्रसंगानुकूल प्रयोग।
3) राष्ट्रीय पर्वों, मेला, त्योहार जैसे विषयों पर अपने शब्दों में गद्य अथवा पद्य में स्वतंत्र लेखन।
4) कर्ता कर्म के अनुसार क्रिया में परिवर्तन, तत्सम, तद्भव देशज रूपों का परिचय, सरल संयुक्त व मिश्रित वाक्य, वाक्यांश के लिए एक शब्द का प्रयोग।
5) पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अन्य पाठ्यपुस्तक को पढ़कर समझना।
6) औपचारिक एवं अनौपचारिक परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त भाषा का प्रयोग करना।

7) अधिगम प्रतिफल का मूल्यांकन, शिक्षण प्रक्रिया एवं बच्चों के क्रियाकलापों के साथ, प्रथम दो कक्षाओं में मौलिक और प्रेक्षात्मक मूल्यांकन तथा कक्षा–3 से आगे की कक्षाओं में अन्य तकनीकों के पूरकरूप में लिखित परीक्षा का संचालन।

प्रयोगात्मक कार्य / सत्रीय / प्रोजेक्ट कार्य / मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षकों को हिन्दी के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, जानकारी एवं घटनाओं के अन्तः सम्बन्धों को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, खेल, गतिविधि, दृश्य–(वीडियो / आडियो), सामग्री, प्रयोग तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल / प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है। शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल / प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) आत्मकथा एवं यात्रा वृतान्त का मौलिक लेखन।
2) विभिन्न विराम चिन्हों वाले अनुच्छेदों का निर्माण।
3) मुहावरों एवं लोकोक्तियों के बीच अन्तर स्पष्ट करने की सामग्री ।
4) शब्दों की उत्पत्ति पर मॉडल / प्रोजेक्ट।
5) एक ही विषय पर लिखी गयी कविताओं के कवियों का संग्रह तैयार करना।
6) समाचार–पत्रों, पत्रिकाओं से कक्षा शिक्षण के लिये उपयोगी सामग्री का संकलन तैयार करना।

सन्दर्भित पुस्तक– हिन्दी; लेखक– डॉ. सुधांशु अरुणाभ मिश्रा, डॉ. सुनील कुमार शर्मा, अनिल कुमार निम; ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ। मूल्य– 100 / –

(सेमेस्टर–3) संस्कृत

1) संस्कृत वर्ण परिचय व उनके ध्वनि उच्चारण स्थान का ज्ञान।
2) **सन्धि प्रकरण**–प्रकार, सूत्र, नियम निर्देश सहित सन्धि विग्रह एवं सन्धि करने का ज्ञान।
3) **समास प्रकरण**–अव्ययीभाव, तत्पुरुष, कर्मधारय, द्विगु, बहुब्रीहि व द्वन्द्व समास का ज्ञान।
4) **शब्द रूप**–शब्द प्रकार, वचन व विभक्तियों का ज्ञान।
5) **धातुरूप**–लट्, लोट्, लड., विधिलिङ् व लृटलकार का पुरुष व वचन सहित ज्ञान।
6) कारक विभिक्त एवं चिन्ह का ज्ञान।
7) सुभाषित श्लोकों का सस्वर पाठ व अनुकरण वाचन।
8) पाठ्यपुस्तक के अंशों का सुलेख, अनुलेख, श्रुतलेख एवं सरल अनुवाद।
9) संवाद पाठों पर आधारित संस्कृत में छोटे–छोटे वाक्यों की रचना करने का ज्ञान।
10) हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद।
11) उपसर्ग, प्रत्यय एवं वाच्य परिवर्तन का ज्ञान।
12) एक से पचास तक संस्कृत संख्याओं का ज्ञान।
13) **संभाव्य शिक्षण विधाएँ**–शिक्षक प्रशिक्षण में क्रियाकलाप आधारित शिक्षण–अधिगम का ज्ञान, मॉडल, गेम, वीडियो क्लिप, ऑडियो क्लिप, प्रयोग तैयार करके, श्यामपट्ट कार्य के द्वारा, शब्द पट्टिका, चार्ट, कठिन शब्दों के चार्ट व उच्चारणाभ्यास के द्वारा अभिनय व प्रश्नोत्तर, प्रशिक्षक–शिक्षक सहभागिता आदि के द्वारा प्रभावी शिक्षण के सम्भव है।



प्रयोगात्मक कार्य / सत्रीय / प्रोजेक्ट कार्य / मॉडल

प्रशिक्षु शिक्षकों को संस्कृत के प्रत्येक पाठ में अन्तर्निहित ज्ञान, संकल्पना को बच्चों तक पहुँचाने के लिए प्रोजेक्ट, मॉडल, Game, Video Clip, Audio Clip, Experiment तैयार करने का कार्य दिया जायेगा। तैयार किये जा सकने वाले मॉडल / प्रोजेक्ट की सांकेतिक सूची सहायतार्थ निम्नवत् है।

शिक्षकगण अन्य विषयों पर भी मॉडल/प्रोजेक्ट का निर्धारण कर सकते हैं–

1) संस्कृत विषय की कठिनाईयों से सम्बन्धित एक क्रियात्मक शोध।
2) स्वनिर्मित शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण व प्रयोग।
3) संस्कृत में निबंध/पत्र लेखन।
4) संस्कृत में वाद–विवाद प्रतियोगिता तथा अभिलेखीकरण।
5) विभिन्न संस्कृत ग्रन्थों/कृतियों/रचनाओं पर चार्ट/प्रस्तुतीकरण तैयार करना।

सन्दर्भित पुस्तक– **संस्कृत**; लेखक– डॉ. प्रियंका शर्मा, पल्लवी शर्मा; ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ। मूल्य– 160/–

(सेमेस्टर–3) कम्पयूटर शिक्षा

I.C.T. (Information and Communication Technology)

1) Introduction to ICT
   i) Introduction and Basic Concepts
   ii) Application and Benefits of ICT in education
   iii) Scope of ICT in education



I.C.T. in Education and Studies
For Teachers

1) **Use of ICT for knowledge enhancement**
   i) Accessing Internet
      a) Using Websites (Wikipedia, open digital educational resources, etc.)
      b) Using Search engines
      c) Communicating with Experts
   ii) Accessing CD-ROMs and DVDs
   Using digital content
   iii) Accessing digital content
      a) Using eBooks
      b) Using eTutorials and training videos (YouTube etc.)
2) **Use of ICT for education delivery**
   i) SMART CLASSES and Digital Blackboard
   ii) Creating and using Slide-Presentations with Projectors
   iii) Educational A-Vs (Audio-Videos) Modules (Animated or Non-Animated or both)
   iv) Using online elabs, eLibraries and eMuseum in classes
   v) Delivering Distance Education through Digital/Online services ODL mode
      a) EDUSAT
      b) Classes through Teleconferencing and Video conferencing
      c) Prasar Bharti's education services
         - Radio Service ('Gyanvani' Radio Station)
         - Television Service (Doordarshan's 'GyanDarshan' Chanel)
      d) Query handling through Chat applications and Email
      e) eTutions through Online Web-Portals
      f) Moocs, DER etc.
3) **For Students**
   i) Use of ICT for knowledge enhancement
   ii) Developing eContent through Internet
   iii) Digital Project Development
   iv) Accessing education through Radio and TV services

   v) Doubt clearing through online chats with experts
   vi) Online Tests through Exam Web Portals (MeritNation.com etc.)
   vii) eTutions
   viii) Accessing various competitive Exams information online
   ix) Job Search and Enquiries through Job Portals (Naukri.com, Monster.com etc.)

I.C.T. in School Management

1) **Using Online services / tools**
   i) Official Website for communication between school and students (and their guardians), School staff etc.
   ii) Online complaint portal for queries and problem eradication
2) **Using School Management Software application/ tools**
   i) Digitisation of School Data for transparency (Attendance, Books, Uniforms, Test Scores etc.)
   ii) Data mining for effective decision making
3) **ICT in office work**
   i) Using Office packages for record maintenance and documentation
   ii) Exchange of Emails for quick and cheap communication
   iii) Teleconferencing and Video conferencing to save time and money

Experimental/Sessional Work

1) Create a Web page which contains information about our country, State, City or Institution. Webpage should include some pictures and a Map.
2) Visit any website which offers free greeting cards. Send any greeting card of your choice to your teachers.
3) Create a PowerPoint Presentation on any type and present it using projectors Practice of the theoretical aspects, in the Computer Lab of the Institution.
4) Slide Presentations- 08
   Minimum of 7-10 slides each based on elementary school text book etc.
5) Project work
   A ten page project work contains Text and Graphics (Per Trainee)
6) School records digitisation
   i) Use any office package to maintain digital records throughout the internship
   ii) It must contain
      a) Daily Attendance (Students and Self)
      b) Students Profile
      c) Digital Monthly summary (Create and Upload on Social Pages of School/DIET)
      d) Internship related photograph (1 in a week) (Upload on Social Pages of School/DIET)
      e) Presentation on School Analysis
7) Inspection of the computers installed in the Computer centres of the Upper Primary Computer Labs of our District and students will also install necessary softwares.
8) Create one's personal e-mail account and send an attachment to the e-mail account of the institution (Taking full care of the e-mail etiquette)

Practice of the theoretical aspects in the Computer Lab of the Institution.

सन्दर्भित पुस्तक– **कम्प्यूटर शिक्षा**; लेखक– डॉ. विनोद कुमार जैन, डॉ. भेदपाल गंगवार, मनीष स्वामी; ठाकुर पब्लिकेशन प्रा. लि., लखनऊ। मूल्य–**120**/–

सेमेस्टर–4

(Edu 07) आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन–लेखन तथा संख्यापूर्व सम्बोधों/क्षमताओं का विकास

उद्देश्य

- प्रशिक्षु को भाषागत दक्षताओं सुनना, बोलना, पढ़ना एवं लिखना आदि का विकास करने हेतु तैयार करना।
- ध्वनियों के पारस्परिक अन्तर को समझने एवं शुद्ध उच्चारण कराने की क्षमता का विकास करना।
- भावाभिव्यक्ति की क्षमता के विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को कराने की दक्षता का विकास करना।
- प्रशिक्षुओं को परस्पर संवाद, सरल वाक्य रचना करने की क्षमता का विकास करने हेतु गतिविधियों के आयोजन में दक्ष करना।
- प्रशिक्षुओं को गणित में संख्यापूर्व अभ्यासों के चयन एवं प्रयोग में दक्ष करना।
- प्रशिक्षु को भाषा एवं गणित विषय में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन कराने में प्रशिक्षित करना।

प्रशिक्षण प्रक्रिया/विधियाँ

